**<u>ग्रीष्मकालीन गृहकार्य – हिंदी विषय</u>**

<u>कक्षा – 7</u>

**<u>समयावधि: 5 मई से 14 जून तक</u>**

निर्देश: नीचे दिए गए कार्यों में से कम-से-कम 6 कार्य पूरे करें। चाहें तो सभी भी कर सकते हैं। सुंदर प्रस्तुति के लिए अतिरिक्त अंक मिलेंगे।

**<u>1. मेरा प्रिय सैनिक – एक कहानी लेखन</u>**

एक ऐसे सैनिक की कल्पना करें जो युद्ध के मैदान में बहादुरी दिखाता है। उसकी कहानी 150-200 शब्दों में लिखिए।

**<u>2. राष्ट्रभक्ति पर कविता</u>**

"मेरा भारत महान" विषय पर कम-से-कम 8 पंक्तियों की कविता लिखिए। आप चित्र भी बना सकते हैं।

**<u>3. अपने दादा-दादी/नाना-नानी से बातचीत</u>**

उनसे उनके समय के स्कूल के अनुभव पूछिए और एक अनुच्छेद (100 शब्दों में) लिखिए कि उनका स्कूल आज के स्कूल से कैसे अलग था।

**<u>4. समाचार पत्र समीक्षा</u>**

अपने पसंदीदा हिंदी अख़बार से 5 समाचार चुनिए और उनमें प्रयुक्त 10 नए शब्दों के अर्थ लिखिए।

**<u>5. मेरी डायरी – एक सप्ताह की झलक</u>**

एक सप्ताह के दौरान आपने जो रोचक कार्य किए, उन्हें डायरी के रूप में लिखिए (हर दिन के लिए 5-6 पंक्तियाँ)।

**<u>6. प्रेरणादायक व्यक्तित्व पर लेख</u>**

आपके आदर्श व्यक्ति (जैसे: डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, रानी लक्ष्मीबाई, भगत सिंह आदि) पर 150 शब्दों में एक लेख लिखिए।

**<u>7. हिंदी मुहावरे –</u>** चित्रों में 5 मुहावरों को चुनिए और उनके अर्थ के साथ एक छोटा चित्र बनाकर समझाइए।